में कानून के अन्तर्गत कार्यवाही करने के लिए जो विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता अथवा घृणा, दुर्भावना अथवा वैमनस्यता की भावनाओं को बढ़ावा देते हैं अथवा बढ़ावा देने को प्रवृत होते है। पता चला है कि मध्य प्रदेश सरकार ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को तदनुसार अनुदेश जारी कर दिये है।

अहमदाबाद में भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का स्थानान्तरण

1955. **श्री शशि भूषण :** क्या गृह कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उन भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की संख्या कितनी है जिन्हें अहमदाबाद में हुए हाल के दंगों के संबंध में वहां से बर्खास्त या स्थानान्तरित कर दिया गया था ?

गृह-कार्य मंन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : अहमदाबाद में हाल में हुए दंगों के सम्बंध में भारतीय प्रशासनिक सेवा अथवा भारतीय पुलिस सेवा का कोई अधिकारी बर्खास्त या स्थानान्तरित नहीं किया गया।

साम्प्रदायिक संगठनों पर प्रतिबन्ध

1956. **श्री शशि भूषण :**
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री रा० बरूआ :
श्री योगेन्द्र शर्मा :
श्री इसहाक सम्भली :
श्री रामावतार शास्त्री :
श्री रामकृष्ण गुप्त :
श्री नि० रं० लास्कर :
श्री क० प्र० सिंह देव :
श्री रवि राय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में कार्य कर रहे साम्प्रदायिक संगठनों पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : हाल के साम्प्रदायिक दंगों को देखते हुए, सरकार ऐसे संगठनों की गतिविधियों से निपटने के उपायों पर विचार कर रही है जो ऐसे विभिन्न धार्मिक अथवा अभिजाति-वर्गों के बीच धर्म अथवा जाति के आधार पर वैमनस्य अथवा शत्रुता, घृणा अथवा द्वेष की भावनाओं को बढ़ावा देते हैं अथवा बढ़ावा देने का प्रयत्न करते है।

दिल्ली नगर निगम के स्कूलों की दयनीय स्थिति

1958. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि दिल्ली नगर निगम के स्कूलों की स्थिति दयनीय है;

(ख) क्या सरकार इस तथ्य से भी अवगत है कि महिला अध्यापकों को स्वेच्छापूर्वक उनके निवासस्थान से दूरस्थ स्कूलों में नियुक्त किया जाता है तथा उनके वेतन तथा भत्तों की शेष राशि के भुगतान में अनावश्यक रूप से देरी की जाती है और उनको बहुत से अन्य ढंगों से भी परेशान किया जाता है, और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग के कार्य को सुधारने के लिए क्या कदम उठाये जाने का प्रस्ताव है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी नहीं, दिल्ली नगर निगम के स्कूलों की स्थिति दयनीय नहीं है।

(ख) दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों